# कार्यालयः डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

पत्रांक संख्याः नियु0 / एस0आर0–जे0आर0 / 2025 / दिनांक–07/06/2025

## ::नोटिस::

**डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में संविदा के आधार पर नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेंट के पदों पर चयन हेतु विज्ञप्ति।**

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या–एम0ई0–3 / 2024 / 2443 दिनांक 22.10.2024 के द्वारा राजकीय मेडिकल कालेजों की चिकित्सा प्रशासन एवं चिकित्सीय सुविधाओं के बेहतर प्रबन्धन किये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिये गये हैं। उक्त के अनुपालन में डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में नॉन पी0जी0 जे0आर0 के रिक्त पदो के सापेक्ष नॉन पी0जी0 जे0आर0, अस्पताल प्रशासन (Hospital Administration) के पदों पर चयन हेतु वाक इन इन्टरव्यू (Walk in Interview) के माध्यम से कालेज स्तर से चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों शैक्षिक / अनुभव प्रमाण पत्रों / शोध पत्रों / आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की (स्व प्रमाणित) छायाप्रतियों सहित 1 सेट बायोडाटा के साथ **माह के प्रत्येक सोमवार को (पद भरे जाने तक) प्रधानाचार्य कार्यालय, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

| डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में संविदा के आधार पर अस्पताल प्रशासन के पदों पर चयन हेतु रिक्त पदों की स्थिति। | | | |
|---|---|---|---|
| क0सं0 | विशिष्टता का नाम | रिक्त पदों की संख्या | आवेदक की अर्हता |
| 1 | अस्पताल प्रशासन (Hospital Administration) | 03 (UR) | एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री–मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन। |

**नोट–शासन द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन की प्रकिया की जायेगी एवं पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

**उक्त पदों पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् हैः–**

1. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले जूनियर रेजीडेंट का वेतनमान रू0 56100 / –(7 th Level 10) प्रतिमाह है।
2. समस्त पदों पर योग्यता एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मानको के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।
3. अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।
4. संविदा पर नियुक्त जे0आर0 की सेवाएं महानिदेशालय से सेवा बाण्ड के आधार पर चयनित जूनियर रेजीडेंट के उपलब्ध होने / सम्बन्धित विषय में पी0जी0 / डिप्लोमा छात्र–छात्राओं के प्रवेश लेने पर (Last Come First Go) के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती है। संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का वेतन / मानदेय जमा करना होगा।
5. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) प्रमाण पत्र दिनांक 01 अप्रैल,2025 के पश्चात् का ही मान्य होगा।
6. आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र दिनांक 01 अप्रैल,2025 के पश्चात् का ही मान्य होगा।
7. उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावतिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा।

**प्रधानाचार्य**
**डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर**
**राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।**

पत्रांक संख्याः नियु0 / एस0आर0–जे0आर0 / 2025 / 5467-71 तद्दिनांक–

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज–कानपुर / आगरा / मेरठ / प्रयागराज / गोरखपुर / झांसी / अम्बेडकर नगर / आजमगढ़ / जालौन / सहारनपुर / बांदा / बदांयू को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति संस्थान के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने की कृपा करें।
3. सचिव / सदस्य चयन समिति एस0आर0 / जे0आर0, डा0 बी0आर0ए0 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
4. प्रभारी अधिकारी बेवसाइट, डा0 बी0आर0ए0 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट https://gmckannauj.in/ पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. समस्त नोटिस बोर्ड, डा0 बी0आर0ए0 राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

**प्रधानाचार्य**
**डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर**
**राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।**